विद्या सवर्थि साधिका

आनंदालय
सामयिक परीक्षा-3
कक्षा : दसवीं

विषय : हिंदी 'ब' (085) | अधिकतम अंक : 40
दिनांक : 05-01-2023 | निर्धारित समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश :-
1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ' और 'ब',
2. खंड 'अ' में कुल पाँच वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | सभी प्रश्नों में उप प्रश्न दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
3. खंड 'ब' में कुल 5 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
4. बहुविकल्पीय उप प्रश्न संख्या के साथ लिखित उत्तर लिखना भी अनिवार्य है |
6. प्रश्न पत्र में कुल 4 पृष्ठ हैं ।

खंड- 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न )

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1x5=5)

अच्छा नागरिक बनने के लिए भारत के प्राचीन विचारकों ने कुछ नियमों का प्रावधान किया है | इन नियमों में वाणी और व्यवहार की शुद्धि, कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह, शुद्धतम पारस्परिक सद्भाव और सेवा की भावना आदि नियम बहुत महत्त्वपूर्ण माने गए हैं | ये सभी नियम यदि एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रूप में भी अनिवार्य माने जाएँ तो उसका अपना जीवन सुखी और आनंदमय हो सकता है | सभी गुणों का विकास एक बालक में यदि उसकी बाल्यावस्था से ही किया जाए तो वह अपने देश का श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है | इन गुणों के कारण वह अपने परिवार, आस पड़ोस, विद्यालय में अपने सहपाठियों एवं अध्यापकों के प्रति यथोचित व्यवहार कर सकेगा |
वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है, समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है किंतु अहंकारहीन व्यक्ति ही स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कर सकता है| अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है | जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता | जिस प्रकार एक व्यक्ति समाज में रहकर अपने व्यवहार से कर्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहता है, उसी तरह देश के प्रति भी उसका व्यवहार कर्तव्य और अधिकार की भावना से भावित रहना चाहिए | उसका कर्तव्य हो जाता है कि न तो वह स्वयं कोई ऐसा काम करे और न ही दूसरों को करने दे, जिससे देश के सम्मान, संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस लगे |
समाज एवं देश में शांति बनाए रखने के लिए धार्मिक सहिष्णुता भी बहुत आवश्यक है| यह वृत्ति तभी आ सकती है जब व्यक्ति संतुलित व्यक्तित्व का हो | वह आंतरिक व बाहरी संघर्ष से परे सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व होना चाहिए |

(i) अच्छा नागरिक बनने के लिए नियमों का प्रावधान आवश्यक है क्योंकि यह-
(क) स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है, वातावरण को शांति से परिपूर्ण करता है |
(ख) व्यक्तित्व को निखार कर जीवन को आमोद-प्रमोद से परिपूर्ण करता है |
(ग) व्यक्तित्व को निखार कर जीवन को सुख और मंगल कामना से परिपूर्ण करता है |
(घ) व्यक्तित्व को अहंकार, स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार से परिपूर्ण करता है |

(ii) वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है | इस कथन के लिए उपयुक्त तर्क है-
(क) देश के सम्मान, संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस पहुँचती है |
(ख) देश व समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता |
(ग) कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह बहुत आवश्यक है |
(घ) समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि और सुख की प्रतिष्ठा होती है |

(iii) अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अभ्यासी होता है -
(क) अशिष्ट वाणी और व्यवहार का (ख) मधुर एवं अशिष्ट व्यवहार का
(ग) अशिष्ट वाणी एवं व्यवहार की शुद्धि का (घ) स्निग्ध वाणी और अशिष्ट व्यवहार का

(iv) संतुलित व्यक्तित्व से तात्पर्य है-
(क) आंतरिक व बाहरी संघर्ष से संपूर्ण सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व |
(ख) देश में पूर्णता आदर्श नागरिक का व्यवहार करने वाला सुखदायक व्यक्तित्व |
(ग आंतरिक व बाहरी संघर्ष से रहित संपूर्ण सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व|
(घ) कर्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहने वाला भावुक प्रवृत्ति से परिपूर्ण व्यक्तित्व |

(v) धार्मिक सहिष्णुता की स्थापना आवश्यक है क्योंकि इससे-
(क) अधिकार और कर्तव्य पर विजय प्राप्त हो जाएगी |
(ख) देश की संपत्ति को नुकसान नहीं पहुँचेगा |
(ग) भारतीय संविधान की प्रतिष्ठा बनी रहेगी |
(घ) समाज एवं देश में शांति व्यवस्था बनी रहेगी |

2. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x3=3)

(i) 'सतसई' में कौन-सा समास है ?
(क) तत्पुरुष (ख) द्विगु (ग) द्वंद्व (घ) अव्ययीभाव

(ii) 'जितना उचित हो' का समस्तपद होगा -
(क) पर्याप्त (ख) यथासंभव (ग) यथोचित (घ) जितनोचित

(iii) द्वंद्व समास का उदाहरण है -
(क) पाप-पुण्य (ख) हिमालय (ग) लंबोदर (घ) आमरण

(iv) 'प्रधानमंत्री' का समास विग्रह होगा -
(क) प्रधान है जो मंत्री (ख) प्रधान का मंत्री (ग) प्रधान और मंत्री (घ) मंत्रियों में प्रधान

3. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से तीन के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x3=3)

(i) '<u>तकदीर का मारा यह</u> आपके सामने खड़ा है | ' पदबंध का भेद बताइए -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(ii) 'सुनील छेत्री <u>बहुत तेज और फुर्तीले</u> ख़िलाड़ी हैं |' - पदबंध का भेद बताइए -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(iii) 'शीला व्यर्थ ही <u>बोलती चली जा रही है</u> |' - वाक्य में पदबंध है -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया विशेषण पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(iv) 'वह <u>सप्ताह के अंत तक</u> वापस लौटेगा |' - वाक्य में रेखांकित पदबंध है -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

4. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x2=2)

(i) 'कठोर बनकर भी सुहृदय बनो |' वाक्य का प्रकार चुनिए -

(क) संयुक्त वाक्य (ख) मिश्र वाक्य (ग) सरल वाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'वह आलसी था इसलिए विफल हुआ |' वाक्य का प्रकार चुनिए -

(क) संयुक्त वाक्य (ख) मिश्र वाक्य (ग) सरल वाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) निम्नलिखित में मिश्रित वाक्य है-

(क) तुम्हारे कहने पर सब मान गए |

(ख) जैसे ही छुट्टी की घंटी बजी वैसे ही छात्रों ने कोलाहल मचा दिया |

(ग) घर जाकर गृह कार्य पूरा करो |

(घ) मैंने हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा में निपुणता हासिल की है |

5.. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x2=2)

(i) 'पन्ने रंगना'- मुहावरे का अर्थ है -

(क) चित्र बनाना (ख) रंग बिखर जाना (ग) व्यर्थ लिखना (घ) कलाकारी करना

(ii) "पैसा तो___ है, प्रतिष्ठा अर्जित करनी चाहिए|" उचित मुहावरे द्वारा वाक्य पूरा कीजिए |

(क) अंधे की लाठी (ख) हाथ का मैल (ग) अंगद का पैर (घ) पत्थर की लकीर

(iii) 'बड़ी सफलता प्राप्त करना' - इसके लिए उचित मुहावरा होगा -

(क) टूट पड़ना (ख) पापड़ बेलना (ग) तीर मारना (घ) बाट जोहना

## <u>खंड- 'ब'</u> (वर्णनात्मक प्रश्न)

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(i) तोप और चिड़िया किसका प्रतीक हैं ? कविता के आधार पर लिखिए |

(ii) लेखक के अनुसार सत्य केवल वर्तमान में है, उसी में जीना चाहिए| लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा ? 'पतझर में टूटी पत्तियाँ: झेन की देन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

(iii) वज़ीर अली ने अंग्रेजों की गुलामी क्यों स्वीकार नहीं की ? उसकी किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए |

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में दीजिए | (3x2=6)

(i) प्रकृति में आए असंतुलन से क्या क्या बदलाव आए हैं? इससे मानव जाति के लिए क्या-क्या खतरे पैदा हो गए हैं ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख में दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए |

(ii) वर्षा ऋतु में पल-पल बदल रही प्रकृति के किसी एक दृश्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए |

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में दीजिए | (3x1=3)

शिक्षण परिवेश विकसित करने में घर तथा विद्यालय का अमूल्य योगदान होता है परंतु टोपी के साथ हुआ व्यवहार इसके ठीक विपरीत दिखाई पड़ता है | 'टोपी शुक्ला' पाठ के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में घर एवं विद्यालय की भूमिका की समीक्षा कीजिए ?

अथवा

इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला की मित्रता भारतीय समाज के लिए किस प्रकार प्रेरक है ? वर्तमान परिस्थतियों में इसकी सार्थकता सिद्ध कीजिए |

9. 'नयनतारा' चश्मा केंद्र के प्रचार के लिए लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए | (5x1=5)

अथवा

प्लास्टिक से होने वाले नुकसान की ओर ध्यान दिलाते हुए प्लास्टिक का कम-से-कम प्रयोग करने के संदर्भ में लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए |

10. 'बीता हुआ समय हाथ नहीं आता है'- पंक्ति को आधार बनाकर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए | (5x1=5)

अथवा

'उतरायण' का त्योहार आपके साथ मनाने का निमंत्रण देते हुए अपने मित्र को लगभग 100 शब्दों में एक ईमेल लिखिए |